मुख्य समाचार :–

- **कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है।**
- **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत, ईरान सहित 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है और ईरान को तेल के भुगतान में कोई समस्या नहीं है।**
- **प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने टिहरी जिले के बोराड़ी जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।**
- **आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।**

## कृषि और किसान कल्याण मंत्री

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत, ईरान सहित 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है और ईरान को तेल के भुगतान में कोई समस्या नहीं है। श्री पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इन दावों का खंडन किया कि भुगतान से जुड़ी दिक्कतों के कारण एक जहाज को चीन की ओर मोड़ दिया गया था। श्री पुरी ने देश की रिफाइनरियों ने ईरान सहित कई देशों से कच्चा तेल आ रहा है। उन्होंने कहा कि संचालन या व्यावसायिक कारणों से जहाज अपना मार्ग बदलते हैं। श्री पुरी ने यह भी कहा कि तेल कंपनियों के पास अलग–अलग देशों से कच्चे तेल के आयात का अधिकार है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है।

## पेट्रोल, डीजल और एलपीजी

केंद्र सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने तथा गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा है।

तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया है कि फरवरी 2025 से कल तक एलपीजी आपूर्ति 53 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय ने कहा है कि कल 90 हजार से अधिक पांच किलोग्राम वाले एफटीएल–छोटे सिलेंडर की बिक्री की गई। ये छोटे सिलेंडर नजदीकी एलपीजी वितरक के पास उपलब्ध है और इन्हें कोई भी वैध पहचान पत्र दिखाकर खरीदा जा सकता है। इनके लिए किसी आवासीय पते की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि मार्च 2026 से लगभग 3 लाख 60 हजार पीएनजी गैस कनेक्शन दिये गए है। इनके अलावा तीन लाख 90 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। पोत, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि सभी भारतीय नाविक सुरक्षित है और पिछले 24 घंटे के दौरान भारतीय झंडे वाले किसी भी पोत के साथ किसी कठिनाई की सूचना नहीं है।

**स्वास्थ्य मंत्री**

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने टिहरी जिले के बोराड़ी जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को देखकर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री सबसे पहले अस्पताल के विभिन्न वार्डों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान जब उन्होंने शौचालय का निरीक्षण किया तो वहां गंदगी और पानी की निकासी की खराब व्यवस्था देखकर नाराजगी जताई। मंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हाल–चाल जाना। मरीजों से बातचीत कर उन्होंने इलाज, दवाइयों और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मरीजों के इलाज के साथ–साथ अस्पताल में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी जिला प्रशासन का कहना है कि 19 अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा से पहले गंगोत्री नेशनल हाईवे को दुरुस्त कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि यात्रा शुरू होने से पहले हाईवे की स्थिति को बेहतर बना लिया जाएगा। रतूड़ी सेरा, सोन गाड़ और गंगनानी सहित कई संवेदनशील स्थानों पर 10 अप्रैल से पहले सुधारीकरण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सोन गाड़ और रतूड़ी सेरा के भूस्खलन जोन को यात्रा शुरू होने से पहले सुरक्षित और सुचारु बना दिया जाएगा। साथ ही गंगनानी से सोन गाड़ तक ब्लैक टॉप सड़क निर्माण कार्य को भी 10 अप्रैल तक पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**बदरीनाथ धाम**

23 अप्रैल से शुरू होने वाली बदरीनाथ धाम की यात्रा के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बदरीनाथ– केदारनाथ मंदिर समिति और नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से बदरीनाथ में 50 सदस्यीय दल को यात्रा तैयारियों के लिए भेज दिया गया है। यह दल यहां आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के कार्य में जुट गया है। दल द्वारा बद्रीनाथ धाम में पैदल रास्तों से बर्फ हटाने का कार्य शुरू किया गया है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि बदरीनाथ धाम की यात्रा के सुचारु और व्यवस्थित संचालन के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की जा रही हैं। केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने बताया कि मंदिर समिति द्वारा इस के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं।

**केदारनाथ यात्रा**

22 मार्च से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा को ग्रीन, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा मार्ग पर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में नगर पंचायत गुप्तकाशी के मुख्य बाजार क्षेत्र में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र में व्यापक सफाई की गई तथा एकत्रित ठोस अपशिष्ट का विधिवत निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य इस वर्ष संपूर्ण यात्रा मार्ग को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं।

**बागेश्वर**

बागेश्वर में जिला ताइक्वांडो एवं पारा ताइक्वांडो एसोसिएशन ने में जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में जिले के 80 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न आयु वर्गों और भार वर्गों में मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने बच्चों और युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी है।